क्रिमिनल (आपराधिक)

प्रभाग के बारे में

न्याय विभाग का आपराधिक प्रभाग (क्रिमिनल डिवीज़न) पूरे राज्य में दुष्कर्म से लेकर हत्याओं तक के आपराधिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। इसका उद्देश्य आपराधिक मामलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करना है, और ऐसा करके पीड़ितों और उनके परिवारों के मानवाधिकारों और प्रतिवादियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना है। इस जिम्मेदारी में सुपीरियर कोर्ट, कोर्ट ऑफ कॉमन प्लीस के समक्ष और कुछ मामलों में जस्टिस ऑफ द पीस कोर्ट्स के समक्ष आपराधिक मामलों की तैयारी और प्रस्तुति भी शामिल है। आपराधिक प्रभाग अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को कानूनी सहायता भी प्रदान करता है और पीड़ित/साक्षी सहायता कार्यक्रम चलाता है। प्रभाग का प्रबंधन राज्य अभियोजक (स्टेट प्रॉसिक्यूटर), AJ Roop (एजे रूप) द्वारा किया जा रहा है, जो एटर्नी जनरल द्वारा नियुक्त हैं। आपराधिक प्रभाग डेलावेयर के तीनों काउंटियों में कार्यालय संभालता है। प्रत्येक काउंटी कार्यालय का नेतृत्व एक काउंटी अभियोजक (काउंटी प्रॉसिक्यूटर) करता है, जिसे एटर्नी जनरल द्वारा नियुक्त किया गया है और वह राज्य अभियोजक के माध्यम से रिपोर्ट करता है। न्यू कैसल काउंटी में, कार्यालय में होमिसाइड यूनिट, न्यू कैसल काउंटी फेलनी ट्रायल यूनिट, विलमिंगटन ट्रायल यूनिट, चाइल्ड प्रेड़ाटर यूनिट, फेलनी स्क्रीनिंग यूनिट, मिसडेमर ट्रायल यूनिट और वायलेंट क्रिमिनल एंटरप्राइज यूनिट शामिल हैं। केंट और ससेक्स काउंटियों में कार्यालय को एक फेलनी ट्रायल यूनिट, एक फेलनी स्क्रीनिंग यूनिट और मिसडेमर ट्रायल यूनिट में व्यवस्थित किया गया है। अपील यूनिट, कम्युनिटी एन्गेजमेंट यूनिट, डोमेस्टिक वायलेंस यूनिट, स्पेशल विक्टिम्स यूनिट और ट्रैफिक सेफ्टी यूनिट राज्यव्यापी हैं।

आपराधिक प्रभाग की यूनिट्स

- अपील यूनिट
- कम्युनिटी एन्गेजमेंट यूनिट
- डोमेस्टिक वायलेंस यूनिट
- फेलनी स्क्रीनिंग यूनिट्स

- होमिसाइड यूनिट
- मिसडेमर ट्रायल यूनिट

- [न्यू कैसल काउंटी फेलनी ट्रायल यूनिट]
- [स्पेशल विक्टिम्स यूनिट]

- [ट्रैफिक सेफ्टी रिसोर्स प्रॉसिक्यूटर प्रोग्राम]
- [विक्टिम विटनेस यूनिट]
- [हिंसक क्रिमिनल एंटरप्राइजेस यूनिट]
- [विलमिंगटन फेलनी ट्रायल यूनिट]

डिवीज़न हाइलाइट्स

विशेष पीड़ित यूनिट (स्पेशल विक्टिम्स यूनिट)

विशेष पीड़ित यूनिट (स्पेशल विक्टिम्स यूनिट, “SVU”) उन मामलों को संभालती है जिनमें हमारे कुछ सबसे कमजोर पीड़ित शामिल होते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। SVU यौन अपराधों, बाल पीड़ितों और बाल शिकार वाले मामलों के लिए जिम्मेदार लोगों को SVU हैड के नेतृत्व वाली एक यूनिट में रखता है।

SVU की देखरेख में सेक्स क्राइम यूनिट, सभी यौन अपराधियों पर मुकदमा चलाती है। इस यूनिट में डिप्टी एटर्नी जनरल, सामाजिक कार्यकर्ता, पैरालीगल और प्रशासनिक सहायक शामिल हैं। सामाजिक कार्यकर्ताएं, पुलिस अधिकारियों और पीड़ितों के साथ साक्षात्कार में भाग लेकर पीड़ितों और यूनिट के अभियोजकों के बीच संपर्क के रूप में काम करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताएं, पीड़ितों की क्षतिपूर्ति सहायता कार्यक्रम (विक्टिम्स कम्पनसेशन असिस्टेंस प्रोग्राम, “VCAP”) में मुआवजे के लिए आवेदन करने में भी पीड़ितों की सहायता करते हैं।

चाइल्ड प्रेडेटर यूनिट, जो SVU की देखरेख के नीचे है, वह डेलावेयर के बच्चों का शिकार करने वाले अपराधियों की पहचान करने, उनका पीछा करने, उन पर मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने के लिए समर्पित खोजी और अभियोजन संसाधनों का इस्तेमाल करती है। विशेष रूप से प्रशिक्षित और समर्पित कर्मचारियों के साथ, चाइल्ड प्रेडेटर यूनिट हमारे बच्चों को नुकसान पहुचाने से पहले शिकारियों और पीडोफाइल्स की पहचान करने और उन्हें ट्रैक करने के लिए सक्रिय प्रयास में डेलावेयर राज्य पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम करती है।

सामुदायिक अभियोजन (कम्यूनिटी प्रॉसिक्यूशन)

हर समुदाय अलग होता है और अपराध की लड़ाई में चुनौतियों का अपने तरीके से सामना करता है। इन समुदायों में रहने वाले लोग, समुदाय के नेताओं और स्थानीय अधिकारी सब, यह चुनौतियों को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। चाहे वह तेज रफ्तार कारों की समस्या हो या हिंसक अपराधियों के समूह की; समुदाय, पुलिस और न्याय विभाग के बीच संचार के चैनल खुले होने पर कानून प्रवर्तन, अपराध से सबसे अच्छे से लड़ने में सक्षम है। इसके लिए, न्यू कैसल काउंटी में क्रिमिनल डिवीजन फेलनी ट्रायल संसाधन भौगोलिक अभियोजन पर केंद्रित हैं। विलमिंगटन और न्यू कैसल काउंटी यूनिट्स अपने जिलों के लिए विशिष्ट अपराधों को लक्षित करके अपराध की रोकथाम पर काम करने के लिए पुलिस और समुदाय के सदस्यों के साथ साझेदारी बनाती हैं।

आपराधिक उपद्रव निवारण (क्रिमिनल न्यूसेन्स अबेटमेंट)

हमारे पड़ोस में ऐसी जगहें हैं जिन्हें हम सभी पहचानते हैं - ऐसी जगहें जहाँ जाने से हम परहेज करते हैं और अपने बच्चों को नहीं भेजते क्योंकि वहाँ होने वाली आपराधिक गतिविधियाँ आसपास के समुदाय को नुकसान पहुँचाती है। वे बेहतरीन सेबों की टोकरी में उन्हें खराब करने वाले ख़राब सेब हैं, क्योंकि इन घरों और व्यवसायों के मालिक नशीली दवाओं के अपराध, वेश्यावृत्ति, अवैध जुआ और वहाँ पनपने वाली अन्य गतिविधियों पर आँखें मूँद लेते हैं। यदि आपको लगता है कि आपके समुदाय में कोई जगह एक आपराधिक उपद्रव है, तो आप डेलावेयर डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस को 302-577-8899 पर कॉल करके या criminal.nuisance@delaware.gov पर ईमेल करके एक गोपनीय रिपोर्ट कर सकते हैं।

और जानें